>

Title: Need to provide AIIMS like medical facilities in Sayajirao hospital in Vadodara, GujaratI-laid.

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): गुजरात के बड़ौदा में स्थित विख्यात सयाजीराव अस्पताल आज एक दयनीय हालत में गुजर रहा है । इस अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं के अभाव में साथ ही डाक्टरों की भी भारी कमी है । इस अस्पताल में मरीजों को उचित उपचार नहीं मिलने के कारण उसका फायदा बीमा कंपनियों तथा निजी अस्पतालों को मिलता है तथा जरूरतमंद लोग समय पर मिलने वाले उपचार से वंचित रहे जाते हैं । बड़ौदा का सयाजीराव अस्पताल एक ऐसा अस्पताल है जिसमें साउथ गुजरात और मध्य गुजरात सहित मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के लोग भी अच्छे उपचार हेतु आते हैं । आज जब सरकार आयुष्मान भारत योजना के तहत तथा योग को पूरे विश्व में लोकप्रिय बताकर समाज के सबसे निचले आर्थिक पायदान पर खड़े व्यक्ति के स्वास्थ्य की चिंता कर रही है तो ऐसे में सरकार से मेरा आग्रह है कि बड़ौदा में सयाजीराव अस्पताल में एम्स जैसी सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में तत्काल उचित कदम उठाए ।